जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-23 | जयपुर, सोमवार, 6 जून, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## GBC- 3 में पीएम का इन्वेस्टर्स को भरोसा: प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-

# युवा आपके सपनों को पूरा करेंगे, यूपी भारत की ग्रोथ स्टोरी को मोमेंटम देगा

### यूपी के एक व्यक्ति की बेहतरी, भारत के हर छठें व्यक्ति की बेहतरी

**लखनऊ (हमारा वतन)।** लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 3.0 में 80 हजार करोड़ रुपए की 1,406 औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। पीएम मोदी ने कहा, उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति पर भरोसा करने के लिए निवेशकों का धन्यवाद। यूपी के युवाओं की प्रतिभा, उनका संकल्प और समर्पण आपके सभी सपनों को पूरा करेगा। यूपी में 80 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश से संबंधित समझौते हुए हैं। ये रिकॉर्ड निवेश यूपी में रोजगार के हजारों नए अवसर बनाएंगे। ये भारत के साथ ही उत्तर प्रदेश की ग्रोथ स्टोरी को बढ़ते दिखाता है। दुनिया आज जिस भरोसेमंद साथी को तलाश रही है, उस पर खरा उतरने का सामर्थ्य सिर्फ हमारे लोकतांत्रिक भारत के पास है।



## कभी समय मिले तो मेरी नई काशी देखकर आएं



पीएम मोदी ने कहा, काशी का सांसद हूं। आग्रह है कि समय निकालकर मेरी काशी को देख आइए। पुरातन काशी इतनी नई नवेली हो सकती है, यह यूपी सरकार के संकल्प से ही संभव है। यूपी की ताकत का जीता जागता उदाहरण है। पीएम ने कहा, हम जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रहे हैं। आज भारत, ग्लोबल रिटेल इंडेक्स में दूसरे नंबर पर है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इनर्जी कंज्यूमर देश है। बीते साल दुनिया के 100 से अधिक देशों से, 84 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड स्नष्ठढ्ढ आया है। भारत ने बीते वित्तीय वर्ष में 417 बिलियन डॉलर, यानी 30 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का माल निर्यात कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### पीएम का रिफॉर्म, परफार्म और इन्फॉर्म का मंत्र यूपी ने अपनाया : योगी

पिछले चार वर्ष में हमने तीन लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव धरातल पर उतारे हैं। आज तीसरे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 80 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा रहे हैं। पीएम का रिफॉर्म, परफार्म और इन्फॉर्म का मंत्र हमने अपनाया। हमने परंपरागत उद्यम को ODOP के जरिए बढ़ाया। आज हम इस क्षेत्र से बड़ा निर्यात पूरी दुनिया में कर रहे। कानून व्यवस्था को बेहतर कर निवेश फ्रेंड्ली माहौल बनाया। 7 लाख उद्यमियों को जोड़ा गया। प्रदेश के 5 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दी है।

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह:** उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरे नंबर का राज्य बन गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज भारत की जो पहचान बनी, उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। आज भारत अगर अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलता है तो पूरा विश्व कान खोलकर सुनता है। उत्तर प्रदेश रिसोर्स के मामले में अभूतपूर्व है। सभी निवेशकों से कहना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री योगी आप सबके लिए हर क्षण तैयार हैं।

### हौसला बना लिया उड़ान का, तब देखना फिजूल कद आसमान का : मंगलम बिड़ला

आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, हम प्रदेश में 40 हजार करोड़ का निवेश कर रहे हैं। इसमें करीब 35 हजार लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। उत्तर प्रदेश आज सबसे महत्त्वपूर्ण निवेश का डेस्टिनेशन बन चुका है। उत्तर प्रदेश ने निवेश के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। निवेश मित्र के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम लागू होने से निवेश के लिए बहुत सहायता मिली। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री के निर्देशन में ये सशक्त बन रहा है। कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा...जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, तब देखना फिजूल है कद आसमान का।मिले ना मंजिल मुझे, तो मैं तरीके बदलता हूं. गौतम अडानीग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में उद्योगपति गौतम अडानी ने कहा, मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे दो महान नेताओं के साथ मिलने का मौका मिला।





## बनवारी लाल शर्मा विप्र गौरव सम्मान से हुए सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)** ब्राह्मण समाज राजस्थान द्वारा प्रदेशाध्यक्ष पं. अंबिका प्रकाश पाठक एवं जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी द्वारा मगध नगर चौमूं निवासी बनवारी लाल शर्मा को विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। बनवारी शर्मा को यह सम्मान समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया । इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री जमुना लाल शर्मा, देवी सिंह कविया, राहुल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## हाथी टीबा बी विकास समिति ने जताया भयंकर आक्रोश

**चौमूं (हमारा वतन)।** शहर के आरटीओ ऑफिस के सामने स्थित हाथी टीबा बी विकास समिति के सदस्यों की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें कॉलोनी में रोड व पानी की गंभीर समस्या पर विचार विमर्श किया गया।सभी लोगों ने नगरपालिका , जलदाय विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया । समिति अध्यक्ष कैलाश चन्द सैनी ने बताया कि समिति द्वारा बार-बार समस्याओं से अवगत कराए जाने पर भी केवल आश्वासन ही मिलता है । जमीनी स्तर पर कुछ भी कार्य नहीं किया गया है । जबकि क्षेत्र में नगर पालिका प्रशासन द्वारा अन्य कॉलोनियों में पानी और रोड का कार्य करवाया जा रहा है । हमारी कॉलोनी की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा कॉन्स्टेबल को कॉलोनी में सुरक्षा उपायों से अवगत कराने हेतु अधिकृत किया गया जिसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।



## राजस्थानी भाषा के पहले ओटीटी प्लेटफार्म रास्टार का हुआ भव्य शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान प्रदेश की राजस्थानी भाषा को जन - जन तक पहुंचाने के लिए चौमूं शहर में नमस्कार क्रिएशन द्वारा निर्मित ओटीटी प्लेटफॉर्म रास्टार का भव्य शुभारंभ किया गया। ओटीटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, निर्माता -निर्देशक, अभिनेता क्षितिज कुमार और पीएम डूडी ने बटन दबाकर किया । डायरेक्टर पीएम डूडी ने कहा कि राजस्थान के लोगों को अपनी भाषा में वेब सीरीज, टॉक शो और फिल्में देखने को मिलेंगी । अभी क्राइम फाइल- गलती कुणकी और वेब सीरीज गिल्ली डंडा देखने को मिलेगी। अभिनेता क्षितिज कुमार ने कहा कि राजस्थानी फिल्मों का जो गोल्डन पीरियड था वो एक बार वापस लौटेगा । सभी प्रदेशवासियों को सहयोग करना होगा । आप सभी गूगल प्ले स्टोर पर जाकर इसके ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं और राजस्थानी भाषा के मनोरंजक कार्यक्रम देख सकते हैं । इस दौरान डॉक्टर हनुमान बराला, जाट समाज समिति अध्यक्ष सुरेश सेरावत, समाज सेवी लालचंद झाझड़ा,अर्जुन चौधरी, कालूराम झाझडिया, अनिल चौधरी, डॉक्टर भारत राज शर्मा, डॉक्टर राकेश चौधरी, राम गोपाल शेरावत, ओम प्रकाश चौधरी, मामराज चोधरी,संजय चंदेल आदि लोग मौजूद रहे ।






लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



भाग 6

चौमूं के ठाकुर मोहन सिंह महाराज सवाई जय सिंह के प्रमुख सामंतों में थे। तदनंतर ठाकुर जोध सिंह ने मराठों के विरुद्ध अनेक युद्ध लड़े जिसमें जोध सिंह ने मराठों से लड़ते हुए वीरगति पाई। उनके 16 वर्षीय पुत्र कुंवर राम सिंह भी इस लड़ाई में काम आए। तत्पश्चात चौमूं के ठाकुर रतन सिंह ने सवाई माधो सिंह प्रथम के शासनकाल में जयपुर तथा भरतपुर के शासक जवाहर सिंह के बीच दिसंबर 1767 में लड़े और मालवा मंडोली के युद्ध में भाग लिया तथा वीरता प्रदर्शित की। इसके बाद रतन सिंह ने सवाई प्रताप सिंह के शासनकाल में विद्रोही सामंत (अलवर राज्य के संस्थापक) राव प्रताप सिंह नरूका के विरुद्ध बसवा में सैन्य अभियान का नेतृत्व किया तथा दौसा के पास एक सैनिक शिविर में उनकी मृत्यु हुई। उनके उत्तराधिकारी रणजीत सिंह भी वीर और पराक्रमी हुए। तुंगा की प्रसिद्ध लड़ाई में वीरता दिखाने के अलावा 1799 फतेहपुर युद्ध में जॉर्ज थॉमस की शक्तिशाली सेना को हराने में चौमूं के रणजीत सिंह की प्रमुख भूमिका रही। इसी युद्ध में लगे गंभीर घाव के कारण ही उनकी मृत्यु हुई। तत्पश्चात चौमूं के ठाकुर कृष्ण सिंह ने जयपुर राज्य को महती सेवाएं दी। टोरडी की लड़ाई में मराठों को हराने में उनकी विशेष भूमिका रही।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

शेष अगले अंक में

## आँखें भी बोलती हैं

न जीभ है न कंठ है
कहने का न कोई अंत है
दिखने में महज ये बात है
पर मामला थोड़ा ज्वलंत है
आँखें भावनाओं के इर्द -गिर्द
जब भी अक्सर डोलती हैं
ये आँखें भी बोलती हैं

दुःख हो या संताप हो
अकेलेपन का विलाप हो
भावनाओं से होकर ओतप्रोत
रूँधे गले से अलाप हो
आदमी के हर जज़्बात को
फिर धीरे -धीरे खंगालती हैं
ये आँखें भी बोलती हैं

खुशी के आंसू एक जैसे
दुःख के आंसू एक जैसे
भाव को समझ पाया है
कमतर
आदमी बस जैसे तैसे
शायद अगले आदमी के
भाव को टटोलती हैं
ये आँखें भी बोलती हैं

मन में अगर लगाव हो
थोड़ा अधिक तनाव हो
मां का गले से लग जाना
ममतामयी कोई भाव हो
मन के कुंठित हर गिरह को
आहिस्ते से खोलतीं हैं
ये आँखें भी बोलती हैं



सिद्धार्थ गोरखपुरी

## आलिंगन

कलम तुलिका का हो आलिंगन
तो अभिव्यक्ति का राग वहीं
है फूल जहां तो खार वहीं,
जहां शमां है आग वहीं।
बंद पलकों के पीछे कल्पित
नींदों में खो जाती हूँ।
कलम तूलिका का हो आलिंगन
तो अभिव्यक्ति का राग वहीं।
जहां नींद के झोंके हैं
सपनों का अनुराग वहीं
जहां मेहनत के किस्से हैं
सफलता के बोल वहीं।
कलम तूलिका का हो आलिंगन
तो अभिव्यक्ति का राग वहीं।
किसी कली का आलिंगन कर,
जब अली उड़ जाता है,
अली तो मकरंद चूसा करता,
फूल मगर मुस्कुराता है।
कलम तूलिका का हो आलिंगन
तो अभिव्यक्ति का राग वहीं।
पतंगा लेता अग्नि के फेरे
और बलि चढ़ जाता है।
जहां प्रीत की अग्नि जलती है
परवानों का भाग वहीं।
कलम तूलिका का हो आलिंगन
तो अभिव्यक्ति का राग वहीं।
इंसान का गिरता देख स्तर,
इंसानियत डरती रहती,
है रंग विहीन तूलिका
फिर भी संभव रंग भरती रहती।
कलम तूलिका का हो आलिंगन
तो अभीव्यक्ति का राग वहीं।
मेहनत करते करते
कर्तव्य पथ पर ,
जहां प्रयास सफल हुआ
प्रगति का मार्ग वहीं
कलम तूलिका का हो आलिंगन
तो अभिव्यक्ति का राग वहीं।



डॉ.योगिता जोशी 'अनुप्रिया'

# खादी ने लक्मे फैशन वीक 2022 में जीता सभी का दिल




**नई दिल्ली (हमारा वतन)** खादी, जिसे आजादी के ताने-बाने के साथ-साथ स्वदेशी, टिकाऊपन और सादगी का भी प्रतीक माना जाता है, ने नई दिल्ली में आयोजित हुए लक्मे फैशन वीक 2022 में एक विशेष प्रस्तुति के साथ वैश्विक फैशन जगत में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने खादी इंडिया के लिए सभी के आकर्षण का केंद्र बनकर रैंप वॉक किया। इस अवसर पर बड़े ही आकर्षक ढंग से उनका साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित छह डिजाइनरों यथा मोसी ट्रोरे, अभिषेक गुप्ता बनारस, अनाविला, अंजू मोदी, चारु पाराशर और रीना ढाका ने भी दिया। यह पहली बार हुआ है कि पेरिस के एक अंतरराष्ट्रीय डिजाइनर मोसी ट्रोरे ने खादी फैशन शो में भाग लिया है। मोसी ने अपने डिजाइनों में वास्तु-संबंधी रूपरेखा के साथ सभी का ध्याफन अपनी ओर आकर्षित किया। यह दूसरी बार हुआ है जब खादी ने लक्मे फैशन वीक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है; इससे पहले वर्ष 2018 में ऐसा देखने को मिला था। खादी इंडिया शो का आयोजन भारतीय फैशन डिजाइन परिषद (एफडीसीआई) द्वारा किया गया। एमएसएमई राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना और एमएसएमई सचिव बी बी स्वैन इस अवसर पर उपस्थित रहे।कंगना रनौत ने रैंप पर अपनी शानदार उपस्थिति से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कंगना रनौत ने धूमिल सफेद रंग की खादी जामदानी साड़ी पहन रखी थी, जिसे पश्चिम बंगाल का एक प्राचीन शिल्प माना जाता है। कंगना रनौत ने खादी को सबसे टिकाऊ वस्त्र के रूप में बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने युवाओं से 'केवल स्वदेशी' उत्पादों को ही खरीदने का अनुरोध किया। कंगना ने कहा, रैंप पर वापस आना और खादी जैसी खास चीज के लिए वापसी करना तो और भी खुशी की बात है। पूरी दुनिया अब भारतीय कपड़ों, विशेषकर खादी के बारे में चर्चा कर रही है, जो बुनियादी वस्त्र होने के साथ-साथ हमारी त्वचा के अनुकूल और पर्यावरण अनुकूल भी है। भारतीय वस्त्र हजारों वर्षों से अस्तित्व में हैं। जब हम खादी खरीदते हैं, तो हम न केवल अपने प्राचीन शिल्प को बहाल करने में मदद करते हैं, बल्कि इसके साथ ही देश में अनगिनत लोगों के लिए आजीविका भी सृजित करते हैं। जब भी आप कोई चीज खरीदें, तो यह सुनिश्चित करें कि वह मेड इन इंडिया ही हो। खादी ही हमारी विशिष्ट पहचान होनी चाहिए। सक्सेना ने खादी को सबसे टिकाऊ और सादगी भरा, लेकिन फैशनेबल वस्त्र बताया। उन्होंने कहा, खादी आधुनिक इतिहास में एकमात्र ऐसा उत्पाद है जो टिकाऊ चीज के रूप में समय की कसौटी पर खरा उतरा है। खादी राष्ट्र का ताना-बाना है और इसमें लाखों लोगों के जीवन में आमूलचूल बदलाव लाने की उत्कृष्ट क्षमता है।

खादी इंडिया कलेक्शन अपने विशिष्ट रंगों और रूपरेखा एवं सौंदर्य आकर्षण के साथ भारतीय उत्कृष्टता का प्रतीक साबित हुआ। डिजाइनरों ने प्राकृतिक सफेद और काले रंग के साथ-साथ जीवंत रंगों का भी इस्तेमाल किया। समसामयिक नजरिए के साथ समस्ते खादी इंडिया कलेक्शन के तहत सदैव टिकाऊ माने जाने वाले खादी वस्त्रों को एक नए फैशनेबल वस्त्र के रूप में पेश किया गया।

# पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने सादगी से मनाया 70 वाँ जन्मदिन





**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपना 70 वां जन्मदिन बड़ी सादगी से मनाया। सुबह से ही पूर्व विधायक के आवास पर जन्मदिन की बधाई देने के लिए समर्थकों, कार्यकर्ताओं व आमजन की भीड़ लगी रही। समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक को गुलदस्ता भेंट कर व मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। जन्मदिवस के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सोनी देवी सैनी ने तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपने जन्मदिवस पर सर्वप्रथम गढ़ गणेश मंदिर में भगवान गणेश के सामने माथा टेक कर प्रदेश व चौमूं विधानसभा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली व शांति की मन्नत मांगी। इसके बाद गौशाला में जाकर गायों को चारा व गुड़ खिलाया। पूर्व विधायक ने जन्मदिन के अवसर पर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। बाबा भोलेनाथ से मां भारती के स्वाभिमान तथा मातृशक्ति के सम्मान को सदैव बनाए रखने के लिए प्रार्थना की। नगरपालिका पार्षद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अर्जुन लाल सैनी के नेतृत्व में फूल मालाओं के दुकानदारों ने पूर्व विधायक सैनी को माला, साफा पहनाकर एवं केक कटवाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इधर चौमू बस स्टैंड स्थित सैनी समाज भवन में कार्यकर्ताओं व कालाडेरा श्याम गार्डन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सेवादल संगठक लल्लूराम सैनी के सानिध्य में आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर में समर्थकों, कार्यकर्ताओं व आमजन ने बढ़-चढ़कर लिया भाग। पूर्व विधायक सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी व पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर में 527 यूनिट एकत्रित हुई। सैनी समाज द्वारा संचालित महात्मा फुले लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं ने जन्मदिन के अवसर पर केक कटवाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक ने कहा कि चौमू विधानसभा क्षेत्र का विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। पूर्व विधायक सैनी ने जन्मदिवस पर मिली बधाई व शुभकामना के लिए कार्यकर्ताओं, समर्थकों व आमजन का आभार व्यक्त किया।

## कोर्ट ने कहा- 26 साल थाने में ही रखी एफएसएल रिपोर्ट, पूर्व व मौजूदा आईओ पर कार्रवाई हो

जयपुर (नि.सं.)। धोखाधड़ी के एक 28 साल पुराने मामले में बनीपार्क थाना पुलिस का आरोपियों को बचाने वाला कारनामा सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राकेश मोरदिया के खिलाफ 19 दिसंबर 1996 को आई एफएसएल रिपोर्ट को 26 साल तक पुलिस थाने में ही बिना सील के रखे रखा और उसे कोर्ट में ही पेश नहीं किया। इसके चलते मामले में राकेश व एक अन्य आरोपी नेमीचंद के खिलाफ पुलिस अभी तक कोर्ट में चालान पेश नहीं कर पाई है।

# श्री शिर्डी साई मंदिर में साई भक्तो ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**जयपुर (हमारा वतन)** श्री शिर्डी साई मंदिर में साई भक्तो के तत्वाधान में श्री वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर साई भक्तो ने साई मंदिर परिसर में बड़े ही उत्साह के साथ महाराणा प्रताप के चित्र पर आचार्य शिव प्रसाद शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर संजय पारीक ने महाराणा प्रताप के ऐतिहासिक जीवन चरित्र की विशेष घटनाओं की और उनके द्वारा अपनाए संघर्ष के रास्ते पर चलने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि हमें समय-समय पर ऐसे वीर महापुरुषों को याद करते रहना चाहिए। वीर प्रताप हिंदुस्तान के गौरव है। मंदिर महंत कैप्टन प्रथ्वीसिहं नाथावत, युवा नेता रविन्द्र सिंह नाथावत, भवानी सिंह सिसोदिया ,एडवोकेट करणी प्रताप सिंह ,भवानी सिंह नाथावत लोहरवाड़ा, रामेश्वर बिराणीया, संदीप फ्लावर, नाथु यादव, गोपाल सेन, ओमप्रकाश बुनकर ,महेंद्र सैनी, भवानी शंकर भार्गव , श्रवण सिंह राठौड़, भूपेंद्र सिंह नाथावत, जितेन्द्र सिंह नाथावत, नवदिप नाथावत और महिला शक्ति ने पुष्पांजलि अर्पित की।



## जॉब्स

1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड, पद संख्या 460, अंतिम तिथि 24 जून 2022
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद सेकंड ग्रेड टीचर संस्कृत शिक्षा विभाग, पद संख्या 417, अंतिम तिथि 21 जून 2022
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट, पद संख्या 24, अंतिम तिथि 19 जून 2022
4. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) पद विभिन्न, पद संख्या 2065, अंतिम तिथि 15 जून 2022
5. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) दिल्ली पुलिस, पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 835, अंतिम तिथि 16 जून 2022
6. आइटीबीपी, पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 248, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
7. आइटीबीपी, पद एएसआई स्टेनोग्राफर, पद संख्या 38, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
8. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद हॉस्पिटल केयर टेकर, पद संख्या 55, अंतिम तिथि 29 जून 2022




## तिलोतमा शोम से ट्रोल ने की नेकेड बॉडी दिखाने की घटिया डिमांड, याद किया किस्सा का न्यूड सीन

सोशल मीडिया पर सिलेब्स की ट्रोलिंग आम घटना है। कई बार ट्रोल्स घटियापन की हद पार कर जाते हैं। ऐसा ही कुछ हुई ऐक्ट्रेस तिलोतमा शोम के साथ। इंस्टाग्राम पर उन्हें एक बेहूदा मैसेज भेजा गया, जिसका तिलोतमा ने जवाब दिया है। ट्रोल ने मैसेज में रिताशा राठौड़ का जिक्र किया था। तिलोतमा ने उन्हें भी प्यार भेजा है। ट्रोल ने तिलोतमा से उनकी नेकेड (नग्न) फोटो देखने की डिमांड की थी। लिखा था कि जैसी रिताशा राठौड़ पोस्ट कर चुकी हैं। तिलोतमा ने अपने इंस्टाग्राम पर स्क्रीनशॉट शेयर करके लिखा था कि ऐसे कमेंट्स उनको बहुत डिस्टर्ब करते हैं। तिलोतमा ने लिखा था, ये मैसेज और इसके जैसे मैसे मुझे इतना परेशान क्यों करते हैं? ऐसा इसलिए क्योंकि एक प्रोफेशनल के तौर पर मैं अपनी इंटीमिसी और न्यूडिटी के साथ स्क्रीन पर स्ट्रगल करती हूं? तिलोतमा ने किस्सा के दौरान न्यूड सीन करते वक्त जो दिक्कत फेस की थी उसको भी याद किया। इस फिल्म में तिलोतमा का न्यूड सीन दिखाया गया था। तिलोतमा सीन को याद करती हैं, मुझे याद है कि फिल्म किस्सा में मुझे कपड़े हटाकर अपने पिता से ब्रेस्ट्स और बॉडी के बारे में बात करनी थी (उनके पिता वंशावली आगे बढ़ाने के लिए चाहते थे कि वह वह बेटी होकर बेटे की तरह रहें।) अपनी खुद की ब्रेस्ट देखकर मुझे ऐसा लगा था कि जैसे मुझे कोई देख रहा है। उन्होंने लिखा है कि मुझे नेकेड बॉडी की ताकत पता है यह प्रोटेस्ट और पॉलिटिकल ऐक्शन से जुड़ा है। शरीर क्या कहता है और देखने वाला किस तरह का शिष्टाचार मन में बैठाता है।



**न्यूडिटी सोशल मूवमेंट का टूल**–न्यूडिटी ग्रास रूट लेवल पर प्रोटेस्ट से लेकर सोशल मूवमेंट तक का टूल रहा है। साथ ही खुद को स्वीकारने और प्यार का। तिलोतमा ने लिखा फेमिनिन प्रोटेस्ट को इस तरह के नई जनरेशन के साइबर अटैक चुनौती देते हैं। अपने मैसेज के आखिर में उन्होंने रिताशा को प्यार दिया। साथ ही बताया कि उन्होंने रिताशा की परमिशन के बाद ही उनके नाम वाला स्क्रीनशॉट शेयर किया है।

## फिल्मों से दूर हो चुकीं आयशा टाकिया ने शेयर की अपनी थ्रोबैक तस्वीरें, फोटोज देखकर फैंस भी हैरान, कहा- नहीं पहचान पा रहे

एक्ट्रेस आयशा टाकिया ने अपने फिल्मी करियर में टार्जन, वांटेड, शादी से पहले, दिल मांगे मोर जैसी कई अच्छी फिल्में कीं। लेकिन अब आयशा एक्टिंग से पूरी तरह से दूरी बना चुकी हैं। शादी के बाद ही आयशा ने फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया था। महज 15 साल की उम्र से मॉडलिंग शुरू करने वाली आयशा के फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। आयशा को सिंगर फाल्गुनी पाठक के एल्बम सांग मेरी चुनर उड़-उड़ जाए से ब्रेक मिला था और इसके बाद उन्होंने फिल्म टार्जन से बॉलीवुड डेब्यू किया था। आज आयशा टाकिया ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कुछ थ्रोबैक फोटोज शेयर की हैं।आयशा टाकिया फिल्मों से भले ही दूर हो गई हो लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी कई थ्रोबैक तस्वीरें पोस्ट की हैं। ये तस्वीरें उनकी मॉडलिंग के दिनों और पहले एल्बम सॉन्ग के दौरान की है। साथ ही फिल्म टार्जन में एक्टिंग के दिनों की भी है। आयशा ने तस्वीरों की फोटो क्लिक करके इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है।एक फोटो में आयशा महज 15 साल की है और वह तृष्णा कृष्णनन के साथ पोज दे रही हैं। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए लिखा, जब मैं सिर्फ 15 साल की थी और म्यूजिक एल्बम में काम कर रही थी। दूसरी एक फोटो में आयशा टार्जन के सेट पर है और उन्होंने इस फोटो के साथ लिखा- तब मैं सिर्फ 18 साल की थी।आयशा टाकिया को अपनी पहली फिल्म टार्जन के लिए बेस्ट डेब्यू फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। कई फिल्मों में काम करने के बाद आयशा को सलमान खान के साथ काम करने का मौका भी मिला। फिल्म वांटेड की रिलीज से पहले ही एक्ट्रेस ने 2009 में समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बेटे फरहान आजमी से शादी कर ली थी।



## अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा को हाईकोर्ट से मिली राहत, वारंट पर स्टे



धोखाधड़ी के मामले में फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा को अदालत से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अभिनेत्री को जारी जमानती वारंट में स्टे दिया है। मुरादाबाद में मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर हाईकोर्ट ने फिलहाल राहत दी है। हालांकि केस में अन्य आरोपी इवेंट मैनेजर अभिषेक आदि के खिलाफ जमानती वारंट जारी रहेगा। हाईकोर्ट में केस की सुनवाई जुलाई के अंतिम सप्ताह में होगी।दिल्ली में चार साल पहले प्रस्तावित इवेंट शो में अभिनेत्री को आना था पर उनके न आने के कारण मुरादाबाद के कटघर निवासी इवेंट आयोजक प्रमोद शर्मा को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रमोद शर्मा की तहरीर पर अभिनेत्री समेत पांच के खिलाफ कटघर में 22 फरवरी 2019 को मुकदमा कायम हुआ। कोरोना काल के बाद केस की सुनवाई एसीजेएम-चार स्मिता गोस्वामी की अदालत में शुरू हुई।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**रुड़की (हमारा वतन)** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी ने छात्रों को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए तमाम तरह के नशे से दूर रहने की बात कही। सतीश नेगी ने कहा कि तम्बाकू स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है । साथ ही यह भविष्य की राह में भी रोड़ा है । तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट मुख कैंसर की मुख्य वजह है । नशे से दूर रहकर ही छात्र जीवन में सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं । विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह रावत, रमेश पंत व जयपाल सिंह बिष्ट ने भी छात्रों को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया। कहा कि विश्व में 60 लाख मौतें नशे के कारण हो जाती है । इससे पहले विद्यालय पहुंचने पर नोडल अधिकारी शिक्षक अशोक पाल ने पौधे देकर अतिथियों का स्वागत किया । मुख्य अतिथि सतीश नेगी ने कहा कि हम सबको वृक्ष मित्र अशोक पाल से प्रेरणा लेनी चाहिए । जागरूकता कार्यक्रम के बाद प्रधानाचार्य नीरज नैथानी एवं नोडल अधिकारी अशोक पाल ने अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रों को नशे से दूर रहने और इसके खिलाफ दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलाई । इस अवसर विद्यालय



के तमाम छात्र एवं शिक्षक मौजूद रहे ।

उधर राजकीय जूनियर इंटर कॉलेज निजामपुर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 8 के रौनक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा 9 की प्रतिभा दूसरे तथा अंजली तीसरे स्थान पर रही । इस अवसर पर मुख्य अतिथी नोडल अधिकारी अशोक पाल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह यादव ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हे नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई । मुख्य अतिथी ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

# राष्ट्र रत्न सम्मान 2022 के लिए चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार ने शुरू किया नॉमिनेशन

**जयपुर (हमारा वतन)** चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार राष्ट्र रत्न सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। यह कार्यक्रम 5 अगस्त 2022 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्र रत्न सम्मान समारोह चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार की एक सराहनीय पहल है जो हर वर्ष आयोजित की जाती है । यह पुरस्कार व्यक्तियों, संस्थानों द्वारा समाज में महिलाओं व पुरूषों के लिए महत्वपूर्ण और सकारात्मक बदलाव की दिशा में किए गए असाधारण योगदान के लिए दिया जा रहा है। इस वर्ष 51 व्यक्तियों, संस्थानों, एन.जी.ओ, ब्रांड एम्बेसडर, 11 विशेष प्रतिभावान बच्चो, कैंसर विजेता,दिव्यांग जन को यह पुरस्कार दिया जायेगा। इसमें प्रशस्ति-पत्र और ट्रॉफी सभी चयनित व्यक्तियों को दिए जाएंगे । पुरस्कार हेतु चयनित आवेदकों की घोषणा




कार्यक्रम से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में की जायेगी। समाज सेवा, पत्रकारिता, चिकित्सा, कला, खेल, साहित्य, व्यापार व सोशल मीडिया के क्षेत्रों से जुड़े लोगों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया जा रहा है। चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार इस विशेष अवसर पर देश के उन महिला, पुरुषों ,संस्थाओं को भी सम्मानित करेगा जिन्होंने महिला उत्थान व देश के लिए अपना विशिष्ट योगदान दिया है ।

**कौन कर सकता है आवेदन**

राष्ट्र रत्न सम्मान के लिए वे सभी व्यक्ति और संस्थान आवेदन कर सकते है, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण व समाज सेवा, शिक्षा, पत्रकारिता व अन्य क्षेत्र में काम किया है। आवेदक अगर संस्थान है तो उन्हें इस क्षेत्र में 3 वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य होगा। विभिन्न क्षेत्रों में काबिल बच्चे भी आवेदन कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ चन्द्रकला गोठवाल ने बताया कि सेवा नीति में राष्ट्रीय जन मिशन बन रहा है। इस संस्था में रोजगार के लिए महिलाओ ने समूह जन मे भी होगी। युवाओ द्वारा भी अपना सहयोग वालंटियर के रूप में प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित लोग इसमें शामिल होंगे तो निश्चित ही राष्ट हित में ओर समाज हित में विशिष्ट पहचान बना सकेंगे।




## टीम इंडिया का व्यस्त शेड्यूल

## अगले 12 महीने में 60 मैच, जिसमें 53% टी20,यह नए खिलाड़ियों के लिए चुनौती

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया का आने वाले 12 महीनों में काफी व्यस्त कैलेंडर है। रोहित एंड कंपनी को अगले एक साल में करीब 60 मैच खेलने हैं, जिसमें 32 यानी 53त्न मैच टी-20 हैं। भारतीय इंटरनेशनल क्रिकेट 9 जून से शुरू हो जाएगा, जब टीम को द. अफ्रीका के खिलाफ 5 टी-20 मैच की सीरीज खेलनी है। इसमें दूसरी पंक्ति की भारतीय टीम हिस्सा लेगी। संभवतः वही टीम आयरलैंड के खिलाफ भी दो मैच की टी-20 सीरीज खेलेगी। टीम एक टेस्ट मैच खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगी। वहां टीम तीन वनडे और तीन टी-20 मैच भी खेलेगी।इसके बाद टीम तीन वनडे और पांच टी-20 खेलने के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगी। फिर दूसरी पंक्ति की टीम 3 वनडे के लिए जिम्बाब्वे टूर पर जाएगी। यह सीरीज वर्ल्ड कप सुपर लीग का हिस्सा होगी। ठीक बाद टीम एशिया कप में खेलेगी। इसके जरिए टीम टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी करेगी। ऐसी भी संभावना है कि एशिया कप के पहले भारत श्रीलंका के खिलाफ दो टी-20 मैच भी खेले। भारत तीन वनडे और तीन टी-20 के लिए द. अफ्रीका की मेजबानी करेगा। मार्च 2020 में यह सीरीज कोविड की वजह से नहीं हुई थी।

**टी-20 वर्ल्ड कप के बाद फोकस शिफ्ट, वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी करेगी**–टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारत वनडे क्रिकेट पर फोकस करेगा क्योंकि अगले साल भारत में ही वर्ल्ड कप होना है। टीम तीन वनडे और तीन टी-20 खेलने न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। फिर श्रीलंका के खिलाफ पांच वनडे की मेजबानी करेगी। न्यूजीलैंड तीन वनडे और तीन टी-20 खेलने भारत आएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी होगी।

**सलेक्टर्स को चुनौती, सभी खिलाड़ियों का हर प्रारूप नहीं खेलना अच्छी खबर**–अगले एक साल में सलेक्टर्स और थिंक-टैंक के सामने हर सीरीज के लिए टीम चुनना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, अच्छी बात यह है कि सभी खिलाड़ी हर प्रारूप में नहीं खेलते हैं। पुजारा, विहारी, केएस भरत, उमेश, अश्विन और सिराज सिर्फ टेस्ट का हिस्सा हैं। रोहित, कोहली, पंत, राहुल, बुमराह हर प्रारूप के खिलाड़ी हैं। लेकिन चोट या वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत इन खिलाड़ियों को आराम मिलता रहा है। रोहित को मार्च 2020 के बाद से कई बार इंजरी ब्रेक मिला है।

## बाबर आजम का नया सपना, बोले- इस तरह तीनों फॉर्मेट में बनना चाहता हूं नंबर वन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा है कि वह तीनों प्रारूपों में नंबर 1 बनना चाहते हैं, जिसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है और वह इस लक्ष्य को जल्द हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बाबर ने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने की कसम खाई और कहा कि वह सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा खेल रहे हैं। पाकिस्तान को जल्द वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। बाबर आजम ने बुधवार को पीसीबी के हेडक्वार्टर पर की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरा सपना तीनों प्रारूपों में नंबर 1 बनने का है, लेकिन उसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। मैं इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत कर रहा हूं। बाबर इस समय वनडे और टी20 में नंबर वन हैं और टेस्ट में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज में खेलने के लिए उत्साहित है।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# आखिर कब मिलेगा लोगों को उनकी भाषा में न्याय!

न्यायालयों की लंबी और उबाऊ प्रक्रियाओं, न्यायधीशों की कमी, बुनियादी ढांचे का अभाव आदि के चलते तारीख पर तारीख को लेकर बॉलीवुड की एक फिल्म दामिनी में बहुत ही करीने से इन सारी बातों को चित्रित किया गया था। देखा जाए तो देश में प्रजातंत्र के तीन स्तंभों में सबसे वजनदार न्यायपालिका ही है, पर न्यायपालिका का जिस तरह माखौल उड़ना आरंभ हो गया है वह चिंता की बात मानी जा सकती है। हाल ही में भारत के मुख्य न्यायधीश जस्टिस एन.वी. रमना देश की न्याय प्रणाली में व्याप्त त्रुटियों पर अनेक बार अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं। पिछले साल 15 अगस्त को उनके द्वारा कहा गया था कि कानून बनाने का काम संसद का है पर कानून बनाते समय संसद में गुणवत्ता पूर्ण बहस का अभाव पूरी तरह देखा जा रहा है। इतना ही नहीं हाल ही मे 30 अप्रैल को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ही यह बात कही कि हमारी सरकार ही सबसे बड़ी मुकदमेबाज है और कई बार सरकार मामलों को जानबूझकर अटकाने का काम करती है। अब 14 मई को जम्मू काश्मीर में उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि आम जनता यह महसूस करे कि उनके अधिकारों और सम्मान को मान्यता दी जाकर उनकी रक्षा की गई है।एक अनुमान के अनुसार देश में इस समय चार करोड़ 80 लाख से ज्यादा मामले लंबित हैं। जिला अदालतों की अगर बात करें तो वहां 22 फीसदी पद रिक्त हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि अदालतों में तारीख पर तारीख मिलने के कारण कई मामलों में लोगों के द्वारा खुद ही कानून हाथ में लेने के मामले भी प्रकाश में आ चुके हैं। जहां तहां अदालत में पेशी पर आए आरोपियों के साथ मारपीट की घटनाएं भी अखबारों की सुर्खियां बनती नजर आती हैं। कई बार तो आरोपियों को पीट पीट कर मार डालने की बात भी सामने आई है।दरअसल किसी भी मामले में कानून बनाने के पहले जनमत संग्रह के बिना जिस प्रकार की बहस या कवायद का नियम भारतीय संविधान के तहत दोनों शीर्ष सदनों के साथ ही साथ राज्यों की विधानसभाओं में होता है, वह शायद उचित नहीं माना जा सकता है। सदन के द्वारा जो भी कानून देश या प्रदेश के लिए बनाए जाते हैं उसमें चर्चा में भाग लेकर अपना मत देने का अधिकार उस सदन के प्रत्येक सदस्य को होता है।


राम गोपाल सैनी

# जन जागरूकता रैली निकाल कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




उत्तराखंड (हमारा वतन) पर्यावरणीय असुंतलन के कारण जहां जलवायु में परिवर्तन आ रहा हैं वही वातावरणीय संतुलन बनाने के लिए जन जन को जागरूक व प्रेरित किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस की महत्वता विषयक मसूरी वनप्रभाग जौनपुर रेंज व पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में वन विश्राम गृह में गोष्ठी और यही से वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार राणा ने हरी झंडी दिखाकर धनोल्टी बाजार होते हुए ईकोपार्क के लिए रैली को रवाना किया तथा ईकोपार्क में 10 देवदार के पौधों का रोपण किया गया और डॉ सोनी ने रेंजर अन्य को 7 पौधा उपहार में भेंट किया।पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा जीवन स्वस्थ तभी रह सकता हैं जब हमारे लिए स्वच्छ आवोहवा मिलेगी वो तभी सम्भव हैं जब हम अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरणीय संतुलन बनाएंगे और वनों के हिफाजत के लिए अपने यादगार पलो पर एक पौधा इस धरा को उपहार में अवश्य रोपे। आज हमने विशाल रैली निकाल कर जन जन को पर्यावरण संरक्षण, वृहद पौधारोपण व शगुन में एक पौधा उपहार में देने की अपील की। वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार राणा कहते हैं विश्व पर्यावरण दिवस की यही थीम रही हैं सघन पौधारोपण कर पर्यावरणीय संतुलन बन सके आज हमने विश्व पर्यावरण दिवस क्यो मनाया जाता हैं उसका क्या उद्देश्य हैं इस पर गोष्ठी व रैली का आयोजन किया ताकि विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में लोग समझ सके। हमारे साथ वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी आये उन्ही के सहयोग से हमने गोष्ठी, रैली व पौधारोपण का कार्य किया है। मदन मोहन सेमवाल (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) ने कहा पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण होना जरूरी हैं तभी हम जलवायु परिवर्तन को रोकने में सफल हो सकते हैं आज जरूरत है जन जन को जागरूक करने की ताकि प्रकृति के दिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो सके। कार्यक्रम में आनंद रगड़, मनवीर पंवार, राहुल, देवेन्द्र रावत, हुकुम पुंडीर, संदीप सिंह, मनोज प्रसाद उनियाल, कुलदीप नेगी, तपेन्द्र सिंह वेलवाल, राजपाल, मतेंद्र, अनिल हटवाल, दीप सिंह, मनोज कुमार, जयबीर रांगड़ आदि मौजूद रहे।

# अनुज शर्मा को मिला पीएसएम राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान 2021



जयपुर (हमारा वतन) काइट ग्रुप ऑफ़ इन्स्टीट्यूट व पाई (पृथ्वी अभ्युदय एसोसिएशन इंडिया) के फाऊंडर चैयरपर्सन डॉक्टर हर्षवर्धन सिंह के द्वारा मुरादनगर में पीएसएम राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान 2021 के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सम्पूर्ण देश से 300 शिक्षको व समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉक्टर एम वली , सीबीएसई के जॉइंट सेक्रेटरी आरपी सिंह , गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह , मेरठ प्रिंसिपल एसोसिएशन के चैयरमेन करमेंद्र सिंह व मेरठ एसोसिएशन के सेक्रेटरी जी पी सिंह रहे। समाजसेवी व महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा के ट्रस्ट के द्वारा आर्थिक स्थिति से कमजोर बच्चो को आईआईटी - नीट की कोचिंग निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए पीएसएम राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान 2021 के लिए सम्मानित किया गया।

# पेयजल समस्या को लेकर आरएलपी का जबरदस्त धरना प्रदर्शन



जयपुर (हमारा वतन) राजधानी जयपुर की चौमूं नगरपालिका में पेयजल समस्या गहरा गयी है। पेयजल समस्या को लेकर राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक पार्टी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचे और जलदाय विभाग के कर्मचारियों को खरी-खोटी सुनाई और पेयजल समस्या समाधान की मांग करने लगे। पेयजल किल्लत से परेशान आक्रोशित लोगों ने जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर आकर सड़क पर जाम लगा दिया और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने बीच सड़क टायर जलाकर भी विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर चौमूं थाना प्रभारी हेमराज मय जाप्ता धरना स्थल पर पहुंचे और समझाइश का प्रयास किया । करीब 1 घंटे की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहर में दिन-प्रतिदिन पीने के पानी का संकट बढ़ रहा है और इसका कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। नगरपालिका ने नई पाइप लाइन डाल दी है फिर भी आमजन को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी अपने निजी प्रयासों से 6 से 7 करोड़ रुपए की पाइप लाइन डलवा चुके हैं, लेकिन अभी तक इन पाइप लाइनों में पानी नहीं आया है। चुनावी वादों के समय बीसलपुर का पानी लाने का वादा किया गया था, लेकिन आज तक बीसलपुर से जोड़ने की प्रक्रिया अधूरी है। इतना पैसा दोनों पार्टियों ने मिलकर पाइप लाइनों में खर्च किया । अगर इन रुपयों से बोरवेल करवाए जाते या कहीं अन्य जगह से पानी की स्कीम बनाकर लाने का प्रयास करते तो आम जनता को इस भीषण गर्मी में पेयजल की गंभीर समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। इस मौके पर आरएलपी कार्यकर्ता रामबाबू गोरा, लालचंद झाझड़ा, मुकेश घोसल्या, पप्पू बर्रा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# कृषि वैज्ञानिक राजेश कुमार सैनी राष्ट्र गौरव पुरस्कार के लिए चयनित



नवलगढ़ (हमारा वतन) कृषि वैज्ञानिक एवं इंटरनेशनल ट्रेनर राजेश कुमार सैनी को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों में अपने बहुमूल्य योगदान के लिए राष्ट्र गौरव पुरस्कार से अंतराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में सम्मानित करने के लिए चयनित कर लिया गया है । समारोह का आयोजन वैश्य सभागार जयपुर में 19 जून को किया जाएगा जिसमें देश-विदेश से लोग शिरकत करेंगे । इस अवसर पर समाज सेवा, कृषि, पर्यावरण, पत्रकारिता, संगीत इत्यादि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा । इस कार्यक्रम का आयोजन भव्या फाउंडेशन जयपुर द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सैनी कृषि विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल ट्रेनर है साथ ही पूर्व में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा पुरस्कार, बलीराजा कृषि अवार्ड , राष्ट्रीय कृषि गौरव पुरस्कार, किसान वैज्ञानिक पुरस्कार ,आई ए डी सी 2020, धरतीपुत्र सम्मान एवं शेखावाटी गौरव पुरस्कार से सम्मानित हैं । सैनी देश - विदेश नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, नेपाल, अफगानिस्तान इत्यादि देशों की यात्रा कर चुके हैं ।

सैनी लंबे अरसे से कृषि, हाईटेक खेती बागवानी वृक्षारोपण ,पर्यावरण, पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं ।

सैनी पर्यावरण एवं कृषि संबंधित पत्र पत्रिकाएं, समाचार पत्रों आकाशवाणी, सामुदायिक रेडियो, दूरदर्शन एवं सोशल मीडिया से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं ।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा